163

87

हरियाणा सरकार
बिजली विभाग

## अधिसूचना

दिनांक 14 मार्च, 1995

संख्या 26/1/94-3 एम.आई.पी. - पंजाब बिजली (शुल्क) अधिनियम, 1958, की धारा 3 की उप धारा (1) द्वारा प्रदान की गई शक्तियों तथा इस निमित उन्हें समर्थ बनाने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा हरियाणा सरकार, बिजली विभाग, अधिसूचना संख्या 26/1/92-3 एम.आई.पी., दिनांक 30 जुलाई, 1992, और इस सम्बन्ध में जारी की गई सभी अन्य अधिसूचनाएं के अतिक्रमण में, हरियाणा के राज्यपाल उनके द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के खाना 2 में दर्शायी गई उपभोक्ताओं की श्रेणियों के लिए उक्त अनुसूची के खाना 3 में विनिर्दिष्ट बिजली शुल्क के खण्ड (स्लैब) विनिर्दिष्ट करते है और आगे इसके खाना 4 में प्रत्येक के सामने यथा वर्णित प्रत्येक खण्डों के लिए दरें विनिर्दिष्ट करते है :-

### अनुसूची

| क्रमांक संख्या | उपभोक्ता श्रेणी | खण्ड (एक मास में सप्लाई की गई ऊर्जा) | प्रति यूनिट बिजली शुल्क की दरें (पैसों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | घरेलू पूर्ति उपभोक्ता | (1) पहले 40 यूनिटों तक | 10 |
| | | (2) 40 यूनिटों से अधिक | 10 |
| 2. | वाणिज्यिक पूर्ति उपभोक्ता | | 10 |
| 3 | औद्योगिक पूर्ति उपभोक्ता निम्न विभव/उच्च विभव औद्योगिक पूर्ति | | 10 |
| 4. | अधिकांश पूर्ति उपभोक्ता | | 10 |
| 5 | सड़क प्रकाश उपभोक्ता | | 10 |

विष्णु भगवान
वित्तायुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार
सिंचाई एवं बिजली विभाग।